हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 02 फरवरी 2024

तापमान

4
जलाशय के मुख्य नहर की सफाई बनी सिंचाई में बाधा, किसान परेशान





### समूह की महिलाओं ने ली मतदाता शपथ

**सारंगढ़।** जिले के मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान सहित ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के स्व सहायता समूह की महिलाओं ने तहसील मुख्यालय सरसीवां के सामुदायिक भवन में मतदाता शपथ ली। सभी समूह की महिलाओं द्वारा अब विभिन्न माध्यमों से गांव और शहरों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में रंगोलीए नारा, कार्यक्रम, सम्मान की रूपरेखा तैयार किया गया है।

### झलमला में दी गई रोशनलाल को श्रद्धांजलि

**झलमला।** रायगढ़ विधान सभा क्षेत्र के ग्राम झलमला में पूर्व विधायक स्व रोशन लाल अग्रवाल के पुन्य तिथि पर झलमला मे एक सभा आयोजित कर उनके छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया वही झलमला के भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता कार्तिक राम सिदार ने उन्हें स्मरण करते कहा कि झलमला के विकास उनका अहम योगदान रहा उन्हीं के कार्य काल और अनुशंसा पर झलमला में हाई स्कूल का उन्नयन हुआ और झलमला क्षेत्र के पूर्व जनपद सदस्य गुणमणी यादव ने कहा कि उनके कार्य करने कि तरीका और सबसे अलग था वही झलमला के पूर्व ज़िला कार्य कारणी सदस्य नरेंद्र सिंह नागपाल कहा भाजपा जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को बड़े नेताओं से परिचित व रूबरू कराना रोशन लाल अग्रवाल कोअच्छी तरह से आता था और उनके छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर वहा उपस्थित सभी लोगों को हनुमान चालीसा' पाठ किया।

### कोड़पाली में पकड़ा गया 150 बोरी अवैध धान

**रायगढ़।** 31 जनवरी को साइबर सेल और पुसौर पुलिस द्वारा ग्राम कोड़पाली मेन रोड में ओडिशा की ओर से आ रहे वाहनों की जांच दौरान माजदा वाहन क्रमांक सीजी 13 एक्यू 1409 में धान परिवहन किये जा रहे वाहन को रोककर वाहन चालक मोहम्मद इरशाद से धान परिवहन के संबंध में पूछताछ कर आवश्यक कागजात दिखाने नोटिस दिया गया। वाहन चालक द्वारा धान के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं होना बताया। वाहन चालक द्वारा अवैध धान परिवहन कर रायगढ़ में खपाए जाने की आशंका पर 150 बोरी अवैध धान मय वाहन थाना पुसौर लाया गया। वाहन चालक को धान के दस्तावेज प्रस्तुत करने के पर्याप्त समय देने पश्चात अनावेदक वाहन चालक मोहम्मद इरशाद पिता मोहम्मद अशफाक उम्र 33 साल स्थाई पता ग्राम औराईनया टोला तहसील बिरदीपुर थाना सिमरी जिला दरभंगा बिहार वर्तमान निवास बाबा धाम कोसमनारा ओवर ब्रिज के पास थाना जूटमिल जिला रायगढ़ से माजदा वाहन और 150 बोरी अवैध धान की जब्ती कर थाना पुसौर में धारा 102 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई की गई है।

### जब्त 12 ड्रम महुआ पास किया नष्ट

**रायगढ़।** अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई के क्रम में 1 फरवरी को सुबह भोर में चक्रधरनगर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव आहेर के नेतृत्व में चक्रधरनगर पुलिस की टीम द्वारा ग्राम भगोरा के जंगल में अवैध शराब बनाने की सूचना पर छापामार कार्यवाही किया गया। थाना प्रभारी को सूचना मिली थी कि भगोरा के जंगल नाला किनारे अवैध शराब महुआ बनाने ड्रुम में काफी मात्रा में महुआ सड़वा पास रखा हुआ है। जानकारी पर पुलिस टीम आज सुबह स्थानीय ग्रामीणों को साथ लेकर जंगल में नाला किनारे शराब बनाने के स्थान पर छापामार कार्यवाही किया गया गया। शराब बनाने वाले मौके से भाग गये थेए जहां करीब 12 ड्रम में शराब बनाने रखे हुए महुआ सड़वा को पुलिस टीम ने नष्ट किया। थाना प्रभारी द्वारा गांव में मुनादी कराकर अवैध शराब बेचने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी गई है तथा ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों को किसी भी अवैधानिक गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने कहा गया है।

## बजट पर राजनेताओं की मिली जुली प्रतिक्रिया

# भाजपा को दिखी विकास की तस्वीर,कांग्रेस ने जताई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बुधवार को संसद मे पेश केंद्रीय बजट 2024 को लेकर रायगढ के लोगों में भी सुबह से ही उत्सुकता देखी गई। एक्सपटर्स से लेकर आम लोगों की निगाहे बजट पर थी। फिलहाल इस बजट में कोई बहुत खास ऐलान नहीं किए गए है। मगर एक घंटे से भी कम समय वाले इस बजट में वितमंत्री ने सरकार की पहलए महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण और पर्यटन सहित अन्य चीजों के बारे में बात की। बजट से आम लोगों को भी काफी उम्मीदें थीं। इस बीच तमाम ऐसे भी लोग रहे जो बजट के बाद बेबाकी से लगभग सभी पहलुओं पर बात कहते दिखें। बजट मे बीजेपी ने विकास की झलक देखी है तो कांग्रेस ने इसे निराशाजनक बताते हुए चुनावी बजट बताया है।

### आत्मनिर्भर बनाने वाला बजट



मोदी सरकार के दौरान वित्तीय वर्ष 2024.25 हेतु वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश अंतरिम बजट को ऐतिहासिक बताते हुए सूबे के वित्त मंत्री इस बजट से देशवासी आत्म निर्भर बनेंगे। ग्रामीण विकास की कल्पना साकार होते ही भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा हो जायेगा। बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा पिछले 10 सालों में देश में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए यह गरीबों को सशक्त बनाने का प्रमाण है। गरीब कल्याण के लिए समर्पित बजट अर्थव्यवस्था को नई ताकत देगा।

**ओपी चौधरी**
नगर विधायक एवं कैबिनेट मंत्री

### भविष्य निर्माण का बजट



यह देश के भविष्य के निर्माण का बजट है। ये विकसित भारत के लिए समर्पित बजट है। इस बजट में युवा भारत के युवा आकांक्षा प्रतिबिंब हैं। ये मजबूत भविष्य की गारंटी है। अंतरिम बजट 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को साकार करने की रूपरेखा प्रस्तुत करने वाला है। वित्त मंत्री का बजट भाषण भारत को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने की यात्रा में पिछले 10 वर्ष में मोदी सरकार द्वारा प्राप्त उपलब्धियों पर रोशनी डालता है।

**सुनील रामदास**
व्यापारी

### बीजेपी का विदाई बजट



कांग्रेस ने अंतरिम बजट को भारतीय जनता पार्टी का विदाई बजट करार दिया। बजट अगर विकास के लिए नहीं है और कोई भी विकास अगर जनता के लिए नहीं है तो वह व्यर्थ है। अंतरिम बजट के बहाने मोदी सरकार ने जनता को चुनावी लॉलीपॉप थमा दी है। बजट केवल सरकार के चहेते उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने वाला है। इसमें महंगाई और बेरोजगारी की ज्वलंत समस्याओं से निपटने का कोई खाका पेश नहीं किया गया है।

**अनिल शुक्ला**
अध्यक्ष, जिला कांग्रेस

### विकान्मुखी बजट



मोदी सरकार का अंतरिम बजट विकासोन्मुख है। इसे 2047 के भारत को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया हैए जब हमारी आजादी को 100 साल पूरे होंगे। बजट में कृषि संबंधी गतिविधियों को प्रोत्साहन मिला है और बिजनेस मॉडल के भी अच्छे संकेत है। सरकार का अंतरिम बजट गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों के सशक्तिकरण पर केंद्रित है। यह बजट भारत की व्यापक वित्तीय स्थिरता में सुधार और निवेश की संभावनाओं को बढ़ाने वाला सिद्ध होगा।

**संयोगिता सिंह जूदेव**
बीजेपी, चंद्रपुर

### आमजन के लिए कुछ नहीं



यह निराशाजनक बजट है। देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है लेकिन बजट में इसके बारे में कुछ भी नहीं है यह आम जनता के लिए निराशाजनक बजट है। अगर 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देना पड़ रहा है तो करोड़ों लोग गरीबी रेखा से ऊपर कैसे आएद्द सरकार की बातों में कई अपवाद है। सरकार ने अपनी पीठ थपथपाई है, लेकिन यह बजट जमीनी वास्तविकताओं से दूर है। व्यापारी से लेकर विद्यार्थी तक में बजट से निराशा है।

**हरेराम तिवारी**
प्रवक्ता, प्रदेश कांग्रेस

### बजट में विकास की झलक



इस अंतरिम बजट में निरंतरता का विश्वास है। यह विकासशील भारत के सभी 4 स्तंभों युवा, गरीब, महिला और किसान को सशक्त करेगा। यह बजट 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की गारंटी देता है। केंद्र सरकार आधारभूत विकास को लेकर बेहद गंभीर है। पांच सालों में दो करोड़ आवास का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही बजट में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की गांरटी नजर आ रही है।

**गौतम अग्रवाल**
भाजपा कार्यकर्ता रायगढ़

### पूरी तरह चुनावी बजट



बुधवार के संसद में पेश केंद्रीय बजट पूरी तरह चुनावी है। इसका एक मात्र उद्देश्य चुनाव तक अर्थव्यवस्था की गति को बनाए रखना है। चिंतनीय यह है कि 18 लाख करोड़ रुपए का बजट घाटा बताया गया है। जिसका सीधा मतलब है कि सरकार अपने खर्च के लिए कर्ज ले रही है और साल दर साल यह आंकड़ा बढ़ने वाला है। आम जनता के लिए इस बजट में कुछ नहीं है।

**उत्तरी जांगड़े**
विधायक, सारंगढ़

# अयोध्याधाम के लिए स्पेशल ट्रेन का पहला फेरा 5 को, रायगढ़ में 12.40 बजे ठहराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




जिले के रामभक्तों के लिए अच्छी खबर है। अयोध्याधाम के लिए घोषित स्पेशल ट्रेन आगामी 5 फरवरी से आरंभ हो जाएगी। इस ट्रेन के आरंभ होने से रायगढ के यात्रियों को तीर्थराज प्रयागराज समेत काशी व अयोध्या पंहुचने में सुविधा होगी। ट्रेन के परिचालन की समय सारिणी भी जारी हो चुकी है। घोषित समय सारणी के मुताबिक 5 से 15 फरवरी के दौरान स्पेशल ट्रेन कुल 4 फेरे लगाएगी। रायगढ में इस ट्रेन के पंहुचने का समय दोपहर व 12:40 बजे निर्धारित है। रायगढ रेलवे स्टेशन मास्टर ऋषिकेश प्रसाद ने बताया कि पूर्व मे यह स्पेशल ट्रेन 31 जनवरी को गोन्टूर से चलकर 1 फरवरी को दोपहर 12 बजे रायगढ पंहुचने वाली थी लेकिन किन्ही कारणों से परिचालन रद्द हो गया। स्टेशन मास्टर ने बताया कि जारी समय सारिणी के मुताबिक अयोध्याधाम स्पेशल ट्रेन 7 फरवरी को गोन्टूर से रवाना होगी और अगले दिन 8 को दोपहर रायगढ पंहुचेगी। इसी तरह 4 फरवरी को विजयवाडा से अयोध्याधाम के लिए रवाना होने वाली ट्रेन 5 फरवरी को दोपहर 12.41 बजे रायगढ पंहुचेगी। राजमुन्द्री से अयोध्याधाम के लिए रवाना होने वाली गाड़ी 8 फरवरी को निकलेगी और अगले दिन 9 फरवरी को दोपहर रायगढ पंहुचेगी। ऋषिकेश प्रसाद ने बताया कि 11 फरवरी को सामलकोट से अयोध्याधाम के लिए चलने वाली ट्रेन 12 फरवरी को दोपहर 12रू40 पर रायगढ पंहुचेगी। 14 फरवरी को विशाखापटनम से अयोध्याधाम के लिए रवाना होने वाली ट्रेन अगले दिन 15 फरवरी को दोपहर 12रू40 पर रायगढ मे आकर ठहरेगी। रेलवे की टाईम टेबल के मुताबिक सभी स्पेशल ट्रेनें रायगढ़, अनूपपुर, कटनी, शहडोल, प्रयागराज के रास्ते अयोध्या पंहुचेगी। इस रुट पर सीधे यात्रा करने वाले यात्रियों की अब एक सुगम और सुरक्षित सफर की बहुप्रतिक्षित उम्मीद पूरी होगी तो बिलासपुर और उसलापुर से ट्रेन बदलने की दिक्कत से छुटकरा मिलेगा

# वार्ड निरीक्षण, कचरा मिलने पर स्वच्छता निरीक्षक को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



गुरुवार की सुबह कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने वार्ड क्रमांक 44 पतरापाली क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान कई जगह पर कचरे का ढेर मिलने पर सफाई दरोगा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। पतरापाली बस्ती से निरीक्षण शुरू हुआ। सबसे पहले वार्ड पार्षद रूपचंद पटेल से वार्ड के संबंध में जानकारी ली गई। इसके बाद पार्षद श्री पटेल के बाइक पर बैठकर कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने वार्ड का निरीक्षण किया। जिंदल फोर्टिस हॉस्पिटल होते हुए मुख्य सड़क के किनारे बसे बस्ती आशा दी होपए जिंदल चौक होते हुए वापस पतरापाली में निरीक्षण का समापन हुआ। निरीक्षण के दौरान कई जगह कचरे का ढेर मिलाए जिसपर समय पर सफाई नहीं करने पर सफाई दरोगा अरुण यादव को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान बड़े नाली निर्माण को देखा गया और इसे जल्द पूर्ण करने के निर्देश संबंधित इंजीनियर को दिए गए। इसी तरह वार्ड के अन्य निर्माण की जानकारी ली गई। आशा दी होप के पास सामुदायिक भवन एवं शौचालय का भी निरीक्षण किया गया और उक्त दोनों जगहों की सफाई कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सब इंजीनियर दिलीप उरांव, मिशन प्रेरक प्रह्लाद तिवारी और सफाई विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# सारंगढ़ कलेक्टर का सरिया में जनदर्शन, सुनी जन समस्याएं



**सारंगढ़।** बुधवार को कलेक्टर केएल चौहान जिले के सरिया क्षेत्र के दौरे पर रहे। सर्वप्रथम कलेक्टर ने सरिया तहसील कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आवेदकों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी एवं निराकरण हेतु उन्हें आश्वस्त किया। कलेक्टर ने लोगों को जनदर्शन के आयोजन के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि कलेक्टोरेट कार्यालय में प्रत्येक सोमवार को जनदर्शन होता है लेकिन सरिया बरमकेला क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए पृथक से प्रत्येक गुरूवार को जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा एवं सारंगढ़ एसडीएम वासु जैन की उपस्थिति में आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि बरमकेला सरिया क्षेत्र से जिला मुख्यालय सारंगढ़ की दूरी को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गई है, ताकि लोगों के आवागमन का खर्च एवं उनके समय की भी बचत हो सके। आज सरिया में आयोजित इस जनदर्शन में कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 8 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। इसके अलावा कलेक्टर ने सरिया क्षेत्र में खेल मैदान, उद्यान एवं अन्य निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक भूमि का अवलोकन किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित कियाए साथ ही सरिया में नवनिर्मित तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। इसके पश्चात कलेक्टर सरिया के पुजेरीपाली स्थित भारत माता स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए।

### खाद्य अधिकारी ने जब्त किया 700 लीटर अवैध डीजल

**सारंगढ़।** खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव ने सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम छिंद के साहू ढाबा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में अवैध डीजल 700 लीटर पाया गया, इस संबंध में रामेश्वर साहू निवासी बंधईपारा छिंद द्वारा बिल प्रस्तुत नही करने पर जप्त किया गया, जप्ति डीजल की अनुमानित कीमत 67 हजार 480 रूपये है। यह डीजल केजरी पेट्रोल पंप छिंद के अभिरक्षा में रखा गया है। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ मोटर स्पिरिट हाई स्पीड डीजल ऑयल अनुज्ञापन तथा नियंत्रणद्ध आदेश 1980 के कंडिका 19 क,घ तथा छत्तीसगढ़ मोटर स्पिरिट हाई स्पीड डीजल प्रदाय तथा वितरणए विनियमन और अनाचार निवारण आदेश 2005, 2, द के उल्लंघन पर किया गया है।

# एक मांग पर नगर को मिली एम्बुलेंस की सुविधा, जताया ओपी का आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मंत्री बनने के बाद पहली बार सरिया पहुंचे वित्त मंत्री रायगढ़ विधायक ओपी ने जन दर्शन के दौरान एंबुलेंस की मांग को तीन दिनों के अंदर ही पूरा कर दिया। विदित हो कि स्वास्थ्य सुविधाओं के मद्देनजर एंबुलेंस की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। जन दर्शन के दौरान इस मांग को गंभीरता से लेते हुए वित्त मंत्री ओपी ने तत्काल राज्य शासन से चर्चा कर इस बहुप्रतीक्षित मांग पर स्वीकृति की मुहर लगाई। नपा अध्यक्ष रानू स्वर्णकार ने इस हेतु ओपी का आभार व्यक्त करते हुए कहा तत्काल मांग पूरी होने से क्षेत्र की जनता में हर्ष व्याप्त है। सरिया क्षेत्र के लिए एंबुलेंस की मांग सालो से रही है। बढ़ती दुर्घटनाओ सहित अन्य आपातकाल परिस्थितियों के मद्देनजर एंबुलेंस की अनुपलब्धता से क्षेत्र की जनता इलाज से वंचित हो रही थी। सही समय पर इलाज नही मिलने से मरीजों की जान पर भी खतरा बना हुआ था। गणतंत्र दिवस के अगले ही दिन सरिया क्षेत्र में वित्त मंत्री ओपी के जन दर्शन लगाया था इस दौरान तहसीलदार एसडीएम थाना प्रभारी भी मौजूद थे। आम जनता से मिली बहुत सी समस्याओं का निराकरण उन्होंने तत्काल किया और संबधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जन दर्शन के दौरान क्षेत्र के जागरुक युवाओं ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी के समक्ष चिकित्सीय असुविधाओ की स्थिति से उन्हे अवगत कराते हुए एम्बुलेंस की मांग रखी। जनता की मूलभूत सुविधा से जुड़े इस मांग को वित्त मंत्री ओपी ने गंभीरता से लिया और राज्य शासन के संबधित अधिकारियों को समुचित निर्देश देते हुए तत्काल एंबुलेंस की मांग को स्वीकृति प्रदान कराई। सरिया क्षेत्र के युवा आकाश नायक, कुशल प्रधान,प्रशांत दास, नितेश डनसेना, लोकेश बारीक, हितेश पटेल, प्रिशु प्रधान ने ओपी चौधरी की इस कार्यशैली पर प्रशन्नता जाहिर करते हुए उनके जन दरबार लगाकर समस्या का समधान करने की नीति को सबसे अलग बताया है।

## बकाया टैक्स वसूली को लेकर निगम की आक्रामक कार्रवाई

# नोटिस के बावजूद नहीं जमा किया संपत्तिकर, 4 की प्रापर्टी सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



टैक्स वसूली में लगातार पिछड़ते नगर निगम ने सालाना टारगेट पूरा करने के लिए अब बड़े बकाएदारों पर शिकंजा कसना शुरु किया है। इसी कड़ी में नोटिस के बाद बीते दो दिनों में 4 बड़े बकाएदारों की संपत्ति सील की गई। निगम आयुक्त के मुताबिक यह कार्रवाई अगले एक माह तक लगातार जारी रहेगी।

संपत्ति कर लंबित होने पर बुधवार की दोपहर शहर की दो दुकानों को सील किया गया। इसी तरह तीन लोगों का नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई। कमिश्नर निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी द्वारा राजस्व शाखा की लगातार समीक्षा की जा रही है। इस दौरान सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों को तय लक्ष्य के अनुसार वसूली करने और बड़े बकायदारों को नोटिस देनेए सील और कुर्की करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। निर्देश के तहत आज रेशम कार्यालय डिपो रोड स्थित अशोक गुप्ता पिता गुलाबचंद गुप्ता के दुकान को सील किया गया। इस दौरान विधिवत रूप से दुकान पर ताला लगाकर कपड़े से सील किया गया और दुकान के सामने सील करने संबंधित नोटिस चश्पा किया गया। अशोक गुप्ता का 172000 से ज्यादा संपत्ति कर बकाया है। इसके बाद बहीदार गली में मोहम्मद शाहबाज रिजवी के दुकान को सील किया गया। इस दौरान भी विधिवत दुकान में ताला लगाकर उसमें कपड़ा से चश्पा किया गया और दुकान के सामने सील करने नोटिस चिपकाए गए। इस दौरान दोनों ही मकान मालिकों को दुकान से सील हटाने पर एफ आई आर करने की समझाइश देते हुए बकाया संपत्ति कर जमा करने की बात कही गई। सील करने के दौरान राजस्व निरीक्षक मकरध्वज मालाकार, सहायक राजस्व निरीक्षक वार्ड प्रभारी परमेश्वर सिंह, पीर मोहम्मद आदि शामिल थे।

### काटा गया नल कनेक्शन

जलकर संपत्ति कर जमा नहीं करने पर तीन लोगों का नल कनेक्शन काटा गया। इसमें गद्दी चौक स्थित अमर बुटानी, पैलेस रोड स्थित रमेश रमेश शर्मा, पुत्री साल स्थित सीताराम के यहां नल कनेक्शन काटा गया। इन सभी को पूर्व में नोटिस जारी किया गया था। नोटिस के बाद भी इनके द्वारा कोई जवाब प्रस्तुत एवं टैक्स को जमा करने संबंधित कार्य नहीं किया गया।

### संपत्तिकर बकाया, ढिमरापुर की दो दुकानें सील

संपत्ति कर, जल कर राशि लंबित होने पर गुरुवार को ढिमरापुर क्षेत्र में कार्रवाई की गई। इस दौरान गोयल एजेंसी एवं मुन्ना टायर वर्क्स दो दुकानों को सील किया गया। निगम की टीम द्वारा आज संपत्ति कर लंबित होने दो दुकानों को सील बंद करने की कार्रवाई की गई। सबसे पहले ढिमरापुर चौक स्थित गोयल एजेंसी को सील किया गया। गोयल एजेंसी का 355000 से ज्यादा संपत्ति का लंबित है। इसी तरह ढिमरापुर चौक के आगे मुन्ना टायर वर्क्स को भी सील किया गया। मुन्ना टायर वर्क्स का 192000 बकाया है। दोनों दुकानों को विधिवत ताला लगाकर उसमें कपड़ा से मार्किंग करते हुए दुकान को सील बंद करने संबंधित नोटिस चस्पा किया गया। उक्त दुकानों के मालिकों को सील नहीं हटाने अन्यथा एफ आई आर करने की समझाइश दी गई। इस दौरान दोनों ही दुकान संचालकों को जल्द से जल्द बकाया संपत्ति कर जमा करने की बात कही गई। कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक मकरध्वज मालाकार, सहायक राजस्व निरीक्षक वार्ड क्रमांक 4 प्रभारी परमेश्वर सिंह, सहायक कर संग्रहक वार्ड क्रमांक 6 प्रभारी आशीर्वाद सिंह राज सहित राजस्व शाखा के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'डेडपूल 3' की शूटिंग पूरी, रयान ने खास अंदाज में दी जानकारी



मार्वल स्टूडियोज की डेडपूल 3 इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। दुनियाभर के फैंस इस फिल्म का लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच फिल्म को लेकर एक महत्वपूर्ण अपडेट सामने आया है। एसएजी-एएफटीआरए हड़ताल के कारण काफी देरी का सामना करने के वाली डेडपूल 3 की शूटिंग आखिरकार पूरी हो गई है। फिल्म के मुख्य अभिनेता रयान रेनॉल्ड्स ने बुधवार को खुद इस बात की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए दी। उन्होंने अपने ह्यूमर से भरे पोस्ट में कलाकारों, क्रू और निर्देशक शॉन लेवी को धन्यवाद दिया। अभिनेता ने लिखा, "सूट खून और पसीना छुपाता है... लेकिन आज, 'डेडपूल' की रैपिंग के साथ, इसने आंसू छुपाए हैं। हमारी फिल्म के कलाकारों और क्रू को बहुत-बहुत धन्यवाद, जिन्होंने शॉन लेवी के दृढ़ नेतृत्व में हवा, बारिश, हड़ताल और ह्यूज जैकमैन से लड़ाई लड़ी। मुझे अपने सबसे करीबी दोस्तों के साथ एक फिल्म बनाने का मौका मिला और ऐसा अक्सर नहीं होता है। 26 जुलाई को मिलते हैं..." अभिनेता ने डेडपूल की शूटिंग से जुड़ी एक तस्वीर भी साझा की है। हालांकि, इसमें उनका चेहरा नजर नहीं आ रहा है।

इस फिल्म को मूल रूप से इस साल तीन मई को रिलीज किया जाना था, लेकिन हड़ताल की वजह से फिल्म को तय समय पर पूरा नहीं किया जा सका।

अब यह फिल्म 26 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। इस फिल्म के लिए प्रशंसक न केवल दोनों अभिनेताओं के बीच की केमिस्ट्री को एक बार फिर से देखने के लिए उत्सुक हैं, बल्कि यह जानने के लिए भी बेसब्र हैं कि लोगान (2017) में सुपरहीरो की मृत्यु के बाद वूल्वरिन कैसे वापस जीवित होता है।

### टॉलीवुड

## राजनीति में एंट्री करेंगे विजय अपनी पार्टी लॉन्च करने तैयारी



तमिल सुपरस्टार दलपति विजय अपनी नवीनतम फिल्म लियो की सफलता का आनंद ले रहे हैं। फिल्मों के बाद अभिनेता जल्द ही राजनीति में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं। विजय लंबे समय से अपनी राजनीतिक पार्टी शुरू करने की योजना बना रहे हैं। खबरों की मानें तो अभिनेता ने राजनीतिक पार्टी लॉन्च करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक विजय को पार्टी अध्यक्ष चुना गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पार्टी जल्द ही भारत निर्वाचन आयोग में पंजीकृत होगी। हालांकि, अभी पार्टी का नाम तय नहीं हुआ है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पार्टी की सामान्य परिषद के लगभग 200 सदस्यों ने पंजीकरण से पहले एक बैठक में भाग लिया। पार्टी के महासचिव और कोषाध्यक्ष की नियुक्ति की गई है और एक केंद्रीय कार्यकारी समिति का भी गठन किया गया है। विजय की राजनीति में प्रवेश करने की खबरों को लेकर एक सूत्र ने कहा, 'वह तमिलनाडु में 2026 के राज्य चुनावों से पहले राजनीति में प्रवेश करेंगे।' पार्टी का संभावित नाम पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'तमिलनाडु में परंपराओं के अनुरूप ही पार्टी का नामकरण होगा।' विजय की तमिलनाडु में बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है। अभिनेता को अक्सर जरूरतमंद लोगों की मदद करते हुए देखा जाता है।

बता दें कि दिसंबर 2023 में विजय ने थूथुकुडी और तिरुनेलवेली जिलों के बाढ़ पीड़ित निवासियों की मदद की। विजय ने कथित तौर पर उन परिवारों को राहत सामग्री वितरित की जो बाढ़ से गंभीर रूप से प्रभावित हुए थे। वर्क फ्रंट की बात करें तो 2023 में विजय को 'लियो' और 'वरिसु' में देखा गया था। वह वर्तमान में अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसका अस्थायी नाम थलपति 68 है। फिल्म का निर्देशन वेंकट प्रभु कर रहे हैं। फैंस को फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। विजय के फैंस के लिए यह खबर किसी खुशखबरी से कम नहीं होने वाली है।

### छॉलीवुड

## डिप्टी सीएम साव ने देखी 'दूल्हा राजा', कहा-हर छत्तीसगढ़िया देखे



निर्माता डायरेक्टर अभिनेता राज वर्मा ने प्रभात सिनेमा में राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र बैगा वनवासी बच्चों की शिक्षा के लिए प्रयास अ स्माल स्टेप फ़ाउण्डेशन द्वारा संचालित प्रयास वनवासी पाठशाला के लिए अपनी सुपरहिट छत्तीसगढ़ी फिल्म 'दूल्हा राजा' का एक चैरेटी शो का आयोजन किया। जिसमें छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित हो कर फ़िल्मि देखी एवं फ़िल्मि को दिल से सराहा। उन्होंने फ़िल्मि यूनिट को बधाई भी दी। फ़िल्मि के निर्माता निर्देशक अभिनेता राज वर्मा ने मंत्री साव का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया और यूनिट के सदस्यों कलाकारों से परिचय भी कराया। मंत्री साव ने फ़िल्मि की सफलता के लिए सभी कलाकारो को बधाई भी दी और कहा कि ऐसी स्वस्थ्य मनोरंजक फिल्म हर छत्तीसगढ़िया को देखनी चाहिए। इस अवसर पर मनमोहन ठाकुर,प्रदीप शर्मा,काजल सोनबेर,सुहैल खान,फ़िल्मि डिसट्रिब्यूटर लक्की रंगशाही,राकेश मिश्रा उपस्थित रहे! फ़िल्मि के निर्माता निर्देशक, अभिनेता राज वर्मा ने बताया कि इस शो की पूरी राशि वनवासी बच्चों की शिक्षा के लिए अरण्य फिल्म के द्वारा दान में दी जायेगी।

### न्यूयॉर्क का जलवा

### लाइफ स्टाइल

न्यूयॉर्क फैशन वीक तूफान के साथ लौट आया है।जिसमें राल्फ लॉरेन और 3.1 फिलिप लिम जैसे ब्रांड की कैलेंडर में वापसी भी शामिल है। साथ ही ग्रेस लिंग और हाल ही में ₹प्रोजेक्ट रनवे: ऑल स्टार्स₹ विजेता बिशमे क्रॉमार्टी जैसे उभरते डिजाइनरों की शुरुआत भी हुई। डिजाइनर रियो उरीबे के लेबल जिप्सी स्पोर्ट की 10वीं वर्षगांठ की वजह से भी यह इवेंट कुछ खास है।



## एक्ने प्रोन स्किन की देखभाल करने के टिप्स जानें



त्वचा पर हो रहे मुंहासों की वजह से आप परेशान हैं और आपके लिए यह समझना मुश्किल हो रहा है कि स्किन केयर रूटीन में किसी चीज को शामिल करें और किसे नहीं, तो एक बार ब्यूटी एक्सपर्ट शहनाज हुसैन द्वारा बताए गए टिप्स को ट्राई करके देखें। टी ट्री ऑयल एंटी फंगल होता है। यह संक्रमण फैलाने वाले रोगाणुओं का खात्मा करता है। इसमें एंटी इंफ्लामेटरी गुण होते हैं। मुंहासों की वजह से अगर त्वचा पर सूजन आ गई है, तो भी टी-ट्री ऑयल आपके लिए फायदेमंद होगा। आप शहद या एलोवेरा जेल में केवल 2 बूंद टी-ट्री ऑयल को मिक्स करके चेहरे पर लगा सकती हैं। इससे आपकी त्वचा को बहुत फायदे पहुंचेंगे। एलोवेरा जेल को आप त्वचा पर डायरेक्ट न लगाएं बल्कि आप दूध या गुलाब जल के साथ मिक्स करके इसे चेहरे पर लगाएंगी तो मुंहासों की समस्या में आपको राहत मिल जाएगी। मुंहासों की वजह से यदि आपके चेहरे पर सूजन है, तो वह भी इस नुस्खे से दूर हो जाएगी। ग्रीन-टी के पानी में गुलाब जल मिक्स करें और इसे स्प्रे बॉटल में भर लें। फिर आप इस मिश्रण को फेशियल टोनर की तरह चेहरे पर इस्तेमाल करें।

इससे चेहरे की सूजन भी कम होगी और मुंहासों को सूखने में भी मदद मिलेगी।

## घर बैठे हटाना चाहती हैं नेल एक्सटेंशन, तो इन बातों का रखें खास ध्यान



नेल एक्सटेंशन को हटाने के लिए आप नेल फाइलर का इस्तेमाल करें। इससे आप आसानी से इन्हें निकाल सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले नेल्स को फाइल करें। अब साइड से धीरे-धीरे उन्हें हटाने की कोशिश करें। इस बात का ध्यान रखें कि इन्हें पहले गर्म पानी में हाथ डालकर नर्म कर लें, उससे आसानी से निकल जाते हैं। फिर हल्के हाथों से इन्हें बाहर निकालें। इस तरीके से आपके एक्सटेंशन निकल जाएंगे। नेल एक्सटेंशन तभी अच्छे लगते हैं जब वो शेप में रहते हैं। जब नाखून नेचुरली बढ़ने लगते हैं तो वो (नेल केयर) खराब लगने लगते हैं। ऐसे में आपको जरूरत है कि आप नेल क्लिपर्स का इस्तेमाल करें। इसके लिए सबसे पहले नाखूनों पर नेल क्लिप को लगाएं। अब धीरे-धीरे इसे हटाने की कोशिश करें। इस बात का ध्यान रखें कि सबसे पहले किनारा बाहर आए फिर बीच का नाखून निकले इससे आपका नेल आसानी से निकल जाएगा।

नेल एक्सटेंशन हटाते समय अगर आपके नाखूनों में दर्द या जलन होने लगी है तो इसे तुरंत न हटाएं।

## क्रश को करना है इंप्रेस तो इस तरह से हों तैयार



फैशन





साल के दूसरे महीने यानी कि फरवरी में वैलेंटाइन डे आता है, जो हर प्रेमी जोड़े के लिए काफी खास होता है। इस खास दिन को और खास बनाने के लिए कपल्स एक-दूसरे को तोहफा देते हैं, और उन्हें उनके खास होने का एहसास कराते हैं। वैलेंटाइन डे तो 14 जनवरी को मनाया जाता है, लेकिन इस दिन से ठीक एक हफ्ते पहले यानी कि 7 फरवरी से वैलेंटाइन वीक की शुरुआत हो जाती है। वैलेंटाइन वीक का हर दिन बेहद खास होता है। इन सात दिनों में आप अपने पार्टनर को उनके स्पेशल होने का एहसास करा सकते हैं।

**सादगी भरा लुक रखें:** ज्यादातर लड़कों को लड़कियों का सादगी भरा लुक ही पसंद आता है। ऐसे में अपने क्रश के सामने हमेशा सादगी भरे लुक में ही जाएं। खासतौर पर अगर आप अपने क्रश के साथ पहली बार कहीं घूमने जा रही हैं, तो अपने लुक का खास ध्यान रखें।

**भड़कीले कपड़ों से रहें दूर:** ज्यादा भड़कीले कपड़े आपके लुक को खराब कर सकते हैं। ऐसे में कोशिश करें, कि ज्यादा चमक-धमक या चमकीले कपड़ों से दूर ही रहें। उनकी जगह आप थोड़ा सिंपल कपड़ों को चुन सकते हैं।

**आरामदायक कपड़ों को दें प्राथमिकता:** अपने क्रश के सामने कभी ऐसे कपड़े पहनकर ना जाएं, जिसे पहनकर आप खुद असहज हों। कपड़े हमेशा ऐसे होने चाहिए, जिसे पहनकर आपको किसी तरह की कोई परेशानी ना हो।

**अपने व्यक्तित्व का रखें ध्यान:** अगर आप अपने व्यक्तित्व के विपरीत जाकर किसी को इंप्रेस करने के लिए तैयार होंगी, तो ये आपके लिए भी खराब हो सकता है। ऐसे में क्रश को इंप्रेस करने के लिए तैयार तो हों, लेकिन खुद को बदलने की कोशिश कतई ना करें।

## ड्रेस के साथ बूट पहनकर दिखाना है जलवा तो इन बातों का रखें ख्याल



सर्दियों के मौसम में हर कोई घूमने का प्लान बनाता है। अगर आप भी सर्दियों में घूमने जा रही हैं, तो स्टाइल दिखाना तो लाजमी है। ऐसे में सर्दियों की शुरुआत होते ही हर लड़की विंटर के हिसाब से शॉपिंग करना शुरू कर देती है। हर लड़की के पास कई तरह की जैकेट्स होती हैं, जिन्हें पहनकर वो अपना जलवा दिखाती रहती हैं। सर्दियों के मौसम में जैकेट्स के साथ-साथ बूट्स भी लड़कियों को स्टाइलिश दिखने में मदद करते हैं।

बूट्स वैसे तो किसी भी आउटफिट के साथ अच्छे लगते हैं, लेकिन अगर इन्हें ड्रेस के साथ पहना जाए, तो इनका स्टाइल और ज्यादा क्लासी लगने लगता है। ज्यादातर लड़कियों को ड्रेस के साथ बूट पहनने का शौक होता है लेकिन अगर आप इसे गलत तरह से कैरी करेंगी, तो आपका लुक बिगड़ सकता है। इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देंगे, जिनको फॉलो करके आप ड्रेसेज के साथ बूट्स पहन सकती हैं।

**हील्स वाले बूट्स:** अगर आप मिडी स्टाइल ड्रेस के साथ बूट्स कैरी करने का सोच रही हैं, तो अपने कमर में चौड़ी सी बेल्ट जरूर लगाएं। इससे आपका लुक और ज्यादा क्लासी लगेगा। बेल्ट लगाने से आपका फिगर काफी ज्यादा खूबसूरत लगेगा। इसके साथ हील्स वाले बूट्स पहनें।

**ऐसे कैरी करें थाई बूट्स :** शॉर्ट ड्रेस के साथ हमेशा लंबी हाइट वाले बूट्स ही पहनें। इनकी हाइट तकरीबन 6 इंच होनी चाहिए। इससे आप सर्दी से भी बच जाएंगी और साथ में आपका स्टाइल भी काफी बोल्ड लगेगा।

**एंकल बूट्स:** आप इसे किसी भी तरह की ड्रेस के साथ कैरी कर सकती हैं। बस इसे कैरी करते वक्त ध्यान रखें कि आपने मोजे जरूर पहन रखें हों। इससे आपके लुक में काफी ज्यादा बदलाव देखने को मिलेगा।

**टाइट्स के साथ भी दिखेगा अलग लुक:** आप एंकल लेंथ बूथ को टाइट्स के साथ भी कैरी कर सकती हैं। ये आपको सर्दी से बचाएंगी।

## सिर पर नहीं अटक रहा दुपट्टा या फिर आ गया है बहुत सारा पसीना, ये हैक्स जरूर आएंगे दुल्हन के काम



अगर आपकी शादी हो चुकी है, तो आपको पता होगा कि इस दिन की शुरुआत ही कितनी परेशानियों से होती है। अगर शादी नहीं हुई है, तो आप खुद को इस बात के लिए तैयार कर लें कि आखिरी वक्त पर ना जाने कितनी चीजें परफेक्ट नहीं होती हैं। ऐसे में भले ही कितनी भी तैयारियां की हों कुछ ना कुछ गड़बड़ होती ही है। शादी वाले दिन दुल्हनों की एंग्जायटी का लेवल भी थोड़ा ज्यादा ही होता है। ऐसे समय में आपके काम कुछ ऐसे हैक्स आ सकते हैं जिनके बारे में शायद आपको ना पता हो।

**ब्राइडल फुटवियर में स्लिप हो रहे हैं पैर:** ब्राइडल फुटवियर हमेशा नई ही होती है और ऐसे में जब बहुत ही स्मूथ सरफेस वाली चप्पल हो, तो पैर जरूर फिसलता है। ऐसे में आपको इन दो **चीजों को जरूर करना चाहिए-**दूसरा यह कि आपके पैरों में अगर पसीना आ रहा है, तो उन्हें साफ करें और थोड़ा सा पाउडर छिड़क लें। ध्यान रखें कि पाउडर इतना ज्यादा नहीं होना चाहिए कि आपका पैर ही स्लिप होने लगे।

**ब्राइडल फुटवियर काट रही है, तो क्या करें?**

अगर आपकी फुटवियर काट रही है, तो आप अपने पैरों पर उस जगह वैसलीन या फिर बैंडएड लगाएं जहां वह काट रही है। ऐसे में आपके पैर चोट से बच जाएंगे।

**अगर दुपट्टा सिर पर नहीं टिक रहा, तो क्या करें?**

ब्राइडल दुपट्टे बहुत हैवी होते हैं और अधिकतर वह सिर पर टिक नहीं पाते। ऐसे में आपको करना यह है कि दुपट्टे में अंदर की ओर से एक सेफ्टी पिन लगानी है और उस सेफ्टी पिन से अटैच करते हुए सिर पर दुपट्टा हेयर पिन की मदद से सेट करना है। अधिकतर ब्राइड्स यह गलती करती हैं कि वह दुपट्टे में ही हेयर पिन लगा देती हैं जिसके कारण सिर से बहुत आसानी से वह सरक भी जाता है।

पिन की वजह से दुपट्टे में डैमेज भी हो जाता है और सिर में दर्द भी होने लगता है। ऐसे में सेफ्टी पिन वाली ट्रिक बहुत काम की साबित हो सकती है।

### कार्नर न्यूज

### फैशन के हिसाब से खुद को ढालना जरूर सीखें

*साड़ी लुक को आकर्षक बनाने के लिए आपको ड्रेपिंग से लेकर स्टाइलिंग तक के लिए लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को फॉलो करना चाहिए। साड़ी को ड्रेप करने के कई तरीके हो सकते हैं और इसके लिए आपको इंटरनेट पर कई तरह की वीडियोज मिल जाएंगी। ज्यादातर हम साड़ी लुक्स के लिए सेलिब्रिटीज के लुक्स से इंस्पायर हो जाते हैं और इन्हें री-क्रिएट करने लगते हैं। कई बार साड़ी तो हम पहन लेते हैं, लेकिन कई स्टाइलिंग मिस्टेक्स के वजह से हम साड़ी में परफेक्ट लुक नहीं हासिल कर पाते हैं। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं 10 गलतियां जिन्हें आपको नहीं करना चाहिए ताकि आप आसानी से पतली नजर आए। अगर आपकी ब्रेस्ट हैवी है तो साड़ी को ड्रेप करने के लिए आप पल्लू की प्लीट्स न बनाएं और इसे इसे ही खुला हुआ छोड़ दें।*

## साड़ी में स्लिम दिखना हर औरत की ख्वाहिश, तो न करें ऐसी गलतियां



मार्केट में आपको कई तरीके के वर्क वाली साड़ी मिल जाएंगी, लेकिन पतली दिखना चाहती हैं तो आप लाइट वेट डिजाइन की साड़ी को चुन सकती हैं। वैसे तो हम हर साड़ी के साथ अलग से पेटीकोट को खरीदते हैं, लेकिन अपनी बॉडी को परफेक्ट फिटिंग देने के लिए आप साड़ी शेपवियर को भी पहन सकती हैं। साड़ी के साथ पहनने के लिए ब्लाउज को चुनते समय कोशिश करें कि ज्यादा फैलावट वाला कोई डिजाइन न चुनें और स्लीव्स व नेकलाइन के लिए कोई लेटेस्ट फैशन में चल रहे डिजाइन का चुनाव करें। पतली दिखना चाहती हैं तो सटल और लाइट कलर कॉम्बिनेशन की जगह पर आप डीप और डार्क कलर की साड़ी को चुनें।

फैब्रिक की बात करें तो कई सिल्क फैब्रिक जैसे टिश्यू आपको फैलावट वाला लुक देंगे लेकिन अगर आप पतली दिखना चाहती हैं तो शिफॉन या जोर्जेट के कपड़े की साड़ी को चुनें। साड़ी में आर्म फैट को छिपाना चाहती हैं तो बेल स्लीव्स जैसे फैले हुए डिजाइंस की जगह पर सिंपल 3/4 लेंथ की स्लीव्स बनवाएं। ब्लाउज की नेकलाइन के लिए आप चौड़ाई को कम रखें ताकि आपकी बॉडी शेप सही तरीके से डिफाइन हो पाए और इसके लिए आप वी-नेक, स्वीटहार्ट जैसी नेकलाइन को चुन सकती हैं। साड़ी के डिजाइन के लिए बॉर्डर वर्क चुन रही हैं तो इसके लिए कोशिश करें कि कम चौड़ाई वाले बॉर्डर डिजाइन को ही चुनें ताकि आपकी ब्रेस्ट और बॉडी शेप परफेक्ट शेप में नजर आए। साड़ी की प्लीट्स बनाते समय आप इन्हें हेयर स्ट्रैटनर की मदद से सेट कर लें ताकि साड़ी की प्लीट्स फैलने से बची रहे।





# फाइटर ने वर्ल्ड वाइड मचाया गदर

**मुंबई।** ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'फाइटर' की सफलता का दुनियाभर में डंका बज चुका है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी इस मूवी की शुरुआत भले ही धीमी ही थी, लेकिन अब मूवी ने रफ्तार पकड़ ली है और इंडिया के साथ-साथ वर्ल्ड वाइड भी 'फाइटर' हर दिन के साथ गदर मचा रही है। 25 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस मूवी ने चौथे दिन ही वर्ल्ड वाइड 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था और अब रिलीज के पांचवें दिन ही दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन स्टारर इस मूवी ने 300 करोड़ की तरफ अपने कदम बढ़ा दिए हैं। ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की जोड़ी 'फाइटर' में फैंस को कितना इम्प्रेस कर रही है, इस बात का अंदाजा आप थिएटर में हर दिन की भीड़ से लगा सकते हैं। इंडिया के साथ-साथ विदेशों में भी इस मूवी को दर्शकों का बेहद प्यार मिल रहा है।

## लाइफ Style

# रकुल

## पीएम मोदी की अपील पर देश में करेंगी शादी

आने वाले फरवरी का महीना बॉलीवुड के लिए बेहद खास होने वाला है। प्यार के इस महीने में बी टाउन एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। फिल्म निर्माता और एक्टर जैकी भगनानी के साथ रकुल शादी रचाने जा रही है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

ऐसे में अब खबर आ रही है की लास्ट मोमेंट पर इस कपल की डेस्टिनेशन वेडिंग की लोकेशन में बदलाव किया गया है, जिसकी वजह कोई और नहीं बल्कि देश के प्रधानमंत्री बताए जा रहे हैं। रकुल प्रीत और जैकी भगनानी को लेकर लंबे समय चर्चाओं का बाजार काफी गर्म है। बताया जा रहा है कि अगले महीने जैकी और रकुल एक दूजे के साथ शादी करने वाले हैं। खबर के मुताबिक पिछले 6 महीने से ये कपल अपनी ग्रैंड वेडिंग को लेकर बड़ी तैयारियां कर रहा है। ऐसे में अपनी डेस्टिनेशन वेडिंग को रकुल और जैकी ने मिडिल ईस्ट में ऑर्गेनाइज करने का भी प्लान बनाया। लेकिन शादी से चंद दिन पहले इसमें फेरबदल हो गया है और अब ये शादी भारत के गोवा में की जाएगी। दरअसल कहा जा रहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी की अपील के बाद इस कपल ने वेडिंग लोकेशन बदलाव किया है। पीएम मोदी ने हाल ही में देश के अमीर वर्गों के लोगों से ये अपील की थी कि वह अपनी फैमिली के ग्रैंड फंक्शन देश के बाहर नहीं बल्कि देश भीतर ही आयोजित करें। ऐसे में माना जा रहा है कि देश के प्रधानमंत्री की इस अपील से रकुल प्रीत और जैकी भगनानी प्रभावित हुए हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# मैकग्रेगर से मुकाबला करते दिखे जेक

**लॉस एंजिलिस।** डौग लिमन के 1989 के क्लासिक 'रोड हाउस' के रूपांतरण में जेक गिलेनहाल को बार ब्रॉल्स के मिस्टर रोजर्स के रूप में दिखाया गया है। 'रोड हाउस' का दमदार एक्शन से भरपूर ट्रेलर रिलीज हो चुका है। जेक गिलेनहाल एक पूर्व-यूएफसी मिडिलवेट फाइटर एलवुड डाल्टन की भूमिका में हैं, जो एक के बाद एक कई हिट लेता है। ट्रेलर में जेक गिलेनहाल को एलवुड डाल्टन के रूप में दिखाया गया है, जो एक पूर्व-यूएफसी मिडिलवेट फाइटर है और वह बहुत अधिक हिट लेता है।



# रेनॉल्ड्स ने 'डेडपूल 3' की जानकारी...

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल स्टूडियोज की डेडपूल 3 इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। दुनियाभर के फैंस इस फिल्म का लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच फिल्म को लेकर एक महत्वपूर्ण अपडेट सामने आया है। एसएजी-एएफटीआरए हड़ताल के कारण काफी देरी का सामना करने के वाली डेडपूल 3 की शूटिंग आखिरकार पूरी हो गई है। फिल्म के मुख्य अभिनेता रयान रेनॉल्ड्स ने बुधवार को खुद इस बात की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए दी। उन्होंने अपने ह्यूमर से भरे पोस्ट में कलाकारों, क्रू और निर्देशक शॉन लेवी को धन्यवाद दिया। अभिनेता ने लिखा, "सूट खून और पसीना छुपाता है... लेकिन आज, 'डेडपूल' की रैपिंग के साथ, इसने आंसू छुपाए हैं।



# किलर डांस ने लगाई स्टेज पर आग...

**मुंबई।** बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अक्सर अपनी स्टाइलिश अदाओं के कारण लाइमलाइट लूटती हैं। सोशल मीडिया पर वह एक से बढ़कर तस्वीरें शेयर करती हैं, जिसमें हॉटनेस से भरी उनकी अदाएं देखने लायक होती हैं। कभी साड़ी में तो कभी शॉर्ट ड्रेस में, जाह्नवी किलर अदाओं से लोगों का दिल जीतना बखूबी जानती हैं। 'बवाल' एक्ट्रेस ने हाल ही में फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में शानदार परफॉर्मेंस दी थी। इसी अवॉर्ड नाइट से एक्ट्रेस ने कुछ अनदेखी फोटो और वीडियो शेयर की हैं, जिसमें वह किलर डांस मूव्स दिखाती नजर आ रही हैं। जाह्नवी ने इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, 'मुझे बहुत मजा आया और मेरे लिए ये बहुत गर्व की बात थी कि मुझे मेरे फेवरेट और हिंदी सिनेमा की आइकॉनिक क्वीन्स के गानों पर परफॉर्म करने का मौका मिला।'



# 'एनिमल पार्क' का काम आगे बढ़ा

**मुंबई।** रणबीर कपूर की एनिमल साल 2023 की सुपरहिट फिल्म है। बिना हॉलीडे रिलीज के भी एनिमल ने छप्परफाड़ कमाई की थी। वहीं, अब फैंस पार्ट 2 यानी एनिमल पार्क का इंतजार कर रहे हैं। जिसे लेकर अपडेट सामने आई है। एनिमल में दर्शकों के जबरदस्त एक्शन और पागलपन देखने को मिला था। यहां तक कि फिल्म के कंटेंट पर भी सवाल उठे थे, इसे समाज के लिए खतरा बताया गया। हालांकि, एनिमल के डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा को इन सब से कोई फर्क नहीं पड़ता। एनिमल पार्क को लेकर निर्देशक पहले ही दावा कर चुके हैं कि फिल्म पहले पार्ट से भी ज्यादा खतरनाक और डार्क होने वाली है। ऐसे में एनिमल के फैंस बेसब्री से एनिमल पार्ट 2 का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म को लेकर खबर आई थी कि इसकी शूटिंग 2025 में शुरू होगी।

## टीवी मसाला



# दूरदर्शन पर 'रामायण' का होगा प्रसारण...

**मुंबई।** इन दिनों चारों तरफ भगवान राम का नाम ही सुनने को मिल रहा है। 22 जनवरी को अयोध्या में हुए प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से हर भक्त उनकी भक्ति में लीन है। अब इसी में सोने पर सुहागा करने के लिए डीडी नेशनल पर सबसे ज्यादा देखा जाने वाला धार्मिक सीरियल टेलीकास्ट होने जा रहा है। हम यहां बात रामानंद सागर के रामायण की कर रहे हैं, जिसके प्रसारण का ऐलान किया गया है। साल 1987 में पहली बार टीवी पर आए रामानंद सागर के 'रामायण' ने चारों तरफ तहलका मचा दिया था। इसने जब-जब टीवी पर दस्तक दी, हर कोई चाव से टकटकी लगाए देखता था। दूरदर्शन ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर ऐलान किया कि रामानंद सागर की 'रामायण' फिर से टेलीविजन स्क्रीन पर वापस करेगा। एक छोटी क्लिप शेयर करते हुए, ट्वीट में लिखा है, 'धर्म, प्रेम, और दान की फिर से अलौकिक पौराणिक कथा...एक बार आ रहा है पूरे भारत का सबसे लोकप्रिय शो 'रामायण', जल्द ही डीडी नेशनल पर देखें रामायण। इसके साथ उन्होंने अरुण गोविल, दीपिका चिखलिया और सुनील लहरी को टैग किया।

## ईशा ने खोले बिग बॉस के राज

**मुंबई।** बिग बॉस 17 को अपना विनर मिल चुका है। मुनव्वर फारुकी ने इस सीजन की ट्रॉफी अपने नाम की है। हालांकि, कुछ ऐसे भी कंटेस्टेंट्स रहे हैं, जो फिनाले तक तो नहीं पहुंचे, लेकिन दर्शकों के बीच खूब पॉपुलर हुए। इनमें से एक है ईशा मालवीया। उड़ारिया एक्ट्रेस ने बिग बॉस में मजबूती से अपना गेम खेला। हालांकि, कई बार उन्हें ट्रोलिंग भी सहनी पड़ी। यहां तक कि सलमान खान और करण जौहर ने भी उन्हें फटकार लगाई थी। बिग बॉस 17 खत्म होने के बाद ईशा मालवीय ने घर से जुड़े कुछ चौंकाने वाली बाते बताई हैं। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि बिग बॉस के घर में हर तरफ कैमरे लगे होते थे और कंटेस्टेंट्स पूरा टाइम माइक पहने रहते थे। बात यहां तक होती तो भी ठीक थी, लेकिन कंटेस्टेंट्स को बाथरूम में भी प्राइवेसी नहीं दी गई।



# भांजी की शादी में शामिल हुए सन्नी और बॉबी देओल...



**मुंबई।** बॉलीवुड के देओल परिवार में इस वक्त खुशी का माहौल है। दरअसल, करण देओल की शादी के बाद इस घर में एक और शादी हो रही है, जिसके जश्न में पूरा देओल परिवार डूबा हुआ है। अब आप सोच रहे होंगे आखिरकार किसकी शादी हो रही है। तो हम आपको बता दें, धर्मेंद्र की नातिन और सनी-बॉबी देओल की भांजी निकिता चौधरी शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं, जिसके लिए पूरा परिवार इस वक्त राजस्थान के खूबसूरत शहर उदयपुर में फंक्शन अटेंड कर रहा है। सनी और बॉबी की बहन अजीता देओल अपनी बेटी निकिता चौधरी की शादी उदयपुर के अरावली रिजॉर्ट में कर रही है। मंगलवार को निकिता की हल्दी और मेहंदी सेरेमनी का आयोजन था। 31 जनवरी को शादी के बंधन में बंधने के लिए निकिता बिल्कुल तैयार है।



## भारती के बेटे 'गोला' का प्री-स्कूल में एडमिशन

**मुंबई।** कॉमेडियन भारती सिंह सोशल मीडिया पर अक्सर पति हर्ष लिंबाचिया और बेटे लक्ष्य (गोला) की वीडियो पोस्ट करती हैं। फैंस इनके प्यारे से बेटे की नटखट अदाएं और क्यूटनेस को काफी पसंद करते हैं। गोला की मासूमियत वह चीज है, जो भारती और हर्ष के फैंस का प्यार अपनी ओर आकर्षित करती है। भारती का बेटा गोला अब 1 साल 9 महीने का हो चुका है और अब उसका प्री-स्कूल में एडमिशन हो चुका है। भारती ने व्लॉग में बेटे को स्कूल भेजने की बात का खुलासा किया है।

# नंदामुरी की हिरोइन बनेगी उर्वशी

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला लगातार किसी ना किसी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। कुछ समय पहले ही खबर आई थी कि एक्ट्रेस एक मिनट का एक करोड़ रुपए चार्ज करती हैं और इसकी वजह से काफी सुर्खियों में भी रही थीं। उर्वशी रौतेला के इंस्टाग्राम पर 72 मिलियन (7.20 करोड़) से ज्यादा फॉलोअर्स हैं और उनकी कुल संपत्ति 550 करोड़ से अधिक बताई जाती है। अब खबर आ रही है कि 29 साल की ये एक्ट्रेस साउथ के 63 साल के सुपरस्टार की हीरोइन बनने जा रही है। इन दिनों वह अपनी इसी फिल्म की तैयारियों में जुटी हैं। उर्वशी नंदामुरी बालकृष्ण के साथ अपने आगामी प्रोजेक्ट 'एनबीके109' के लिए तैयार हैं और जिम में खूब पसीना भी बहा रही हैं। एक्शन और स्टंट में अच्छी तरह से प्रशिक्षित होने के लिए उर्वशी रौतेला ने किसी और से नहीं बल्कि खुद मास्टर कॉनर मैकग्रेगर से सीखा है, जो एक प्रसिद्ध आयरिश मिक्स्ड मार्शल कलाकार और पेशेवर मुक्केबाज हैं।





## बिग बॉस से लेकर शार्क टैंक इंडिया तक का नाम है शामिल

# इन विदेशी शो की कॉपी हैं टीवी के ये चर्चित शो

***मुंबई।** हाल ही में टीवी का चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस' का सीजन 17 खत्म हुआ। मुनव्वर फारूकी इस सीजन के विजेता चुने गए। 'बिग बॉस' के अलावा टीवी के ऐसे कई रियलिटी शोज हैं, जिन्हें दर्शक खूब पसंद करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं, इन भारतीय टीवी शोज का पूरा फॉर्मेट विदेशी टीवी शो से लिया गया है। इनमें 'बिग बॉस' से लेकर 'कौन बनेगा करोड़पति' तक का नाम शामिल है। जी हां, चलिए आपको इनके बारे में बताते हैं।*

### बिग बॉस-17



इस लिस्ट में पहला नाम 'बिग बॉस' का है। जो साल 2006 में छोटे पर्दे पर शुरू हुआ। 'बिग बॉस' ब्रिटेन के पॉपुलर शो 'बिग ब्रदर' की कॉपी है। इसमें भी बिग बॉस की ही तरह एक घर में ढेर सारे कंटेस्टेंट कुछ महीनों तक एक साथ रहते हैं। साल 2007 में शिल्पा शेट्टी 'बिग ब्रदर' में कंटेस्टेंट के तौर पर शामिल हुईं और सीजन 5 की विजेता भी रही थीं।

### खतरों के खिलाड़ी-13



कलर्स टीवी का चर्चित रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' भी विदेशी रियलिटी शो का भारतीय रूपांतरण है। यह अमेरिकन टीवी शो 'फियर फैक्टर' से कॉपी हैं। इंडिया में इस रियलिटी शो को सबसे पहले 'फियर फैक्टर इंडिया' के नाम से लाया गया था। बाद में इसका नाम बदलकर 'खतरों के खिलाड़ी' कर दिया। दर्शकों के बीच यह शो काफी लोकप्रिय है।

### शार्क टैंक इंडिया

सोनी चैनल का ही एक और चर्चित शो 'शार्क टैंक इंडिया' भी इस लिस्ट में शामिल है। बीते कुछ समय में ही यह दर्शकों के बीच खूब लोकप्रिय रहा। 'शार्क टैंक इंडिया' भारत का पहला बिजनेस शो है, जिसने स्टार्टअप्स की दुनिया से दर्शकों को रूबरू कराया। यह अमेरिकी टीवी शो 'शार्क टैंक' का भारतीय रूपांतरण है।





### कौन बनेगा करोड़पति-15

सोनी चैनल का सबसे लोकप्रिय टीवी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' भी विदेशी शो हू वॉन्ट्स टू बी अ मिलिनेयर?' का कॉपी है। भारत में एक लंबे समय से मेगा स्टार अमिताभ बच्चन ने होस्ट कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने जब्त किया बारदाने से भरा पिकअप

**सारंगढ़।** एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ स्निग्धा तिवारी के नेतृत्व में गठित टीम ने 65 बोरी बरदाना से भरे पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 13 एई 5174 को पुरगांव के पास जप्त किया, जिसका वजन 26.65 क्विंटल है। पूछताछ में मल्दी निवासी सत्यनारायण साहू ने दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया। भटगांव मंडी में इस धान से भरे वाहन को अभिरक्षा में रखा गया है। इस जांच में स्थल पर तहसीलदार कमलेश सिदार, खाद्य निरीक्षक और मंडी निरीक्षक उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने नए एंबुलेंस को दिखाई हरी झंडी

**सारंगढ़।** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरमकेला एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरिया हेतु नए एंबुलेंस 108 वाहन को कलेक्टर केएल चौहान ने कलेक्ट्रेट कार्यालय से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस नये एंबुलेंस के संचालन से आपातकालीन स्थितियों में संबंधित क्षेत्र के मरीजों को चिकित्सा संस्थानों तक निःशुल्क परिवहन सेवा का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन, डा. स्निग्धा तिवारी, परियोजना अधिकारी हरिशंकर चौहान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. एफआर निराला, कार्यक्रम प्रबंधक एनएल ईजारदार एवं चिकित्सा विभाग के कार्मिक उपस्थित थे।

### अतुल शेटे के निवास पर आईटी की रेड

**रायगढ़।** बुधवार को आयकर विभाग की टीम ने पूर्व खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम मंत्री अमरजीत भगत के ओएसडी रह चुके अतुल शेटे के शहर के बंगलापारा स्थित उनके पुराने निवास स्थान में छापामार कार्रवाई की। जानकारी के मुताबिक आईटी की कार्रवाई पूर्व खाद्य मंत्री के निवास और उनके करीबियों के ठिकानों पर भी पड़ी है। आयकर विभाग की टीम जांच कर रही है। एक जानकारी के अनुसार अतुल शेटे मंत्री के बेहतर करीबी होनें के साथ-साथ कई सालों से उनके ओएसडी भी थे इतना ही नहीं अतुल शेटे रायगढ़ में बतौर तहसीलदार पदस्थ होने के साथ-साथ नवगठित सक्ती जिले में भी एसडीएम पद पर कार्य कर चुके हैं। समाचार लिखे जाने तक अमरजीत भगत व उनके सहयोगियों के साथ.साथ उनके ओएसडी अतुल शेटे के घर में आईटी की टीम बड़े पैमाने पर कार्रवाई कर रही है।

### 6 दिवसीय प्रसंस्करण कार्यशाला 12 से

**रायगढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र में राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान मैनेज हैदराबाद, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित ग्रामीण युवाओं के लिए 12 फरवरी 2024 से 6 दिवसीय पोस्ट हार्वेस्ट फल व सब्जी प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग विषय पर कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित किया जाना है। इस हेतु इच्छुक व योग्य 18 से 40 वर्ष तक के युवक युवती 9 फरवरी तक आधारकार्ड, अंकसूची व एक पासपोर्ट साइज फोटो के साथ कार्यालय कृषि विज्ञान केन्द्र बोईरदादर रायगढ़ में संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते है। सीमित संख्या होने के कारण पहले आओ पहले पाओ एवं रूचि व परामर्श के आधार पर पंजीयन किया जाएगा।

### ईवीएम और वीवीपैट मशीन का निरीक्षण

**सारंगढ़।** लोकसभा निर्वाचन के पूर्व प्रारंभिक स्तर पर वोटिंग मशीनों की जांच एफएलसी कार्य के मद्देनजर कलेक्टर के एल चौहान के नेतृत्व में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने कृषि उपज मंडी परिसर सारंगढ़ में जिला निर्वाचन अधिकारी के लिए आरक्षित और विधानसभा चुनाव के दौरान उपयोग किए गए ईवीएम और वीवीपैट मशीनों का अवलोकन किया। प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूमों का ताला खोला और बंद किया गया। स्ट्रांग रूम में क्रमबद्ध इन मशीनों का निरीक्षण किया गया। श्री चौहान ने एफएलसी कर्मचारियों के पेयजल विद्युत जनरेटर टेंट आदि के आवश्यक व्यवस्था के संबंध में अधिकारियो को निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी मौजूद रहे।

### खम्हार पाकुट जलाशय के मुख्य नहर में नहीं आ रहा पानी

# जलाशय के मुख्य नहर की सफाई बनी सिंचाई में बाधा, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के जल संशाधन विभाग धरमजयगढ़ के उप संभाग लैलूंगा के अंतर्गत खम्हार पाकुट जलाशय के मुख्य नहर से प्रत्येक वर्ष पानी का वितरण किया जाता है। जिससे क्षेत्र के आशातित किसानों के द्वारा कि जाने वाली रवि फसल कि सिंचाई कि सुविधानुसार करते आ रहे हैं। वहीं प्रति वर्ष पानी कि सप्लाई करने के पूर्व जल संसाधन विभाग के द्वारा उपरोक्त मुख्य नहर कि साफ सफाई कि जाती है। जिसके बाद नहर में स्वक्छ जल को छोड़ा जाता है।

किन्तु पिछले कुछ वर्षों से जल संशाधन विभाग लैलूंगा उपभोक्ताओं से लाखों रूपए कि राजस्व कि वसूली करने के बाद भी नहर कि साफ सफाई कराने तथा स्वक्छ जल नहर में छोड़ने पर ध्यान नही दिया जा रहा है। जिसको लेकर किसानों में जल संशाधन विभाग में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कई बार आवेदन निवेदन करने बाद निराशा



सफाई के अभाव में गंदगी से भरी सूखी नहर।

जनक स्थिति बनी हुई है। लेकिन बार बार स्थानीय किसानों को निराशा ही हाथ लगी है जिसे लेकर किसान बन्धु काफी परेशान हैं। विदित हो कि लैलूंगा विकास खण्ड में सिंचाई हेतु मात्र एक ही जलाशय है जिसके भरोसे किसान आश्रित रहते हैं। जहाँ निस्तारी किए जाने वाले मुख्य नहर में आवश्यकता से अधिक कूड़े कचरे से भरे पड़े होने के कारण स्थानीय किसानों के लिए परेशानियों का सबब बना हुआ है। मुख्य नहर ग्राम पंचायत जामबहार होते हुए नगर पंचायत लैलूंगा के कई वार्डों से होकर भदरापारा कुंजारा, गोसाईडीह, अंगेकेला सहित लगभग 25 से 30 गाँव के किसान बन्धु रवि फसल कि खेती करने वाले नहर के पानी से निर्भर रहते हैं। पानी कि सिंचाई का एक मात्र मुख्य जल स्त्रोत है। जहाँ नहर की रख रखाव के अभाव में यह अब अपनी कई तरह की समस्याओं से अपनी क्षमता से क्षीण होता हुआ नहर का मरम्मत कि भी आवश्यकता है।

ग्राणीण किसानों को दो फसली खेती बाड़ी करने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बरसात के बाद बेशरम के पौधे तथा तमाम प्रकार के झाड़ी झंखाड़ों से सराबोर नहर का साफ सफाई नहीं होने से कृषक बहुत परेशान हैं। जिसके मद्देनजर तत्काल संज्ञान लेते हुए विभाग को नहर कि सफाई कराना चाहिए जिससे हो रही परेशानियों से किसानों को निजात मिल सके।



## अवैध उत्खनन में संलग्न 3 पोकलेन समेत 9 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर केएल चौहान के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग की टीम ने बिलाईगढ़ क्षेत्र के ग्राम छपोराए दोमुहानी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अवैध उत्खनन करते पाये जाने पर स्थल पर ही 03 पोकलेन मशीन और अन्य 06 वाहन जब्त कर आगामी कार्यवाही तक ग्राम पंचायत सरपंच दोमुहानी के सुपुर्दगी में दिया गया। खनि अधिकारी श्री भारद्वाज ने कहा कि अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण की कार्रवाई आगे भी निरंतर कलेक्टर श्री चौहान के निर्देश पर किया जाएगा। जांच टीम में खनि अधिकारी एच डी भारद्वाज, दीपक पटेल अनुराग नंद शामिल थे।

### अवैध उत्खनन में संलग्न पांच ट्रैक्टर जब्त

**सारंगढ़।** कलेक्टर के एल चौहान के निर्देश पर एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ स्निग्धा तिवारी ने टीम के साथ बिलाईगढ़ क्षेत्र के ग्राम छपोरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में अवैध उत्खनन, परिवहन करते हुए 5 ट्रैक्टर को जप्त किया गया, जब्ती वाहनों को थाना बिलाईगढ़ के सुपुर्द किया गया। वाहन में लोड पत्थर का मात्रा लगभग 11 घन मीटर है। इस अवसर पर तहसीलदार कमलेश सिदार सहित खनिज विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि लगातार अवैध उत्खनन, परिवहन पर कार्यवाही राजस्व और खनिज विभाग द्वारा किया जा रहा है।

## जीजा के हत्यारे साले को उम्रकैद

**घरघोड़ा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमान अच्छे लाल काछी ने आरोपी अजीत टोप्पो पिता स्वर्गीय स्टानिस टोप्पो ग्राम घोघर बेसन थाना बगीचा जिला जशपुर को नगर पंचायत घरघोड़ा वार्ड नंबर 5 नरवा डीपा निवासी ललित उरांव की हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है एसाथ ही साथ आरोपी को 500 के अर्थ दंड से भी दंडित किया गया है।



घटना 19 अक्टूबर 2020 को मृतक ललित उरांव के परिवार में नवा खाई का त्यौहार मनाया गया। रात्रि लगभग 9.10 बजे मृतक ललित उरांव अपने घर में अपने साले आरोपी अजीत टोप्पो के साथ सोने चला गया। उसी दरमियान मृतक ललित उरांव के कमरे से खटपट की आवाज सुनकर मृतक का पुत्र सतीश उरांव जाकर देखा तो कमरे में अंधेरा था और कमरे से अभियुक्त अजीत टोप्पो बाहर निकाल कर आ रहा था। अपने भांजे को आते देख उसने कहा कि तुम्हारे पिता को क्या हो गया है चलो देखो जब मृतक का पुत्र जाकर देखा तो उसके पिता के गले और चेहरे में चोट के निशान थे और उसकी मृत्यु हो गई थी। उसके सिरहाने पर एक टांगी पड़ा था।

अभियुक्त ढाबा में मजदूरी का कार्य करता था और अपने दीदी जीजा के यहां सोने के लिए आता था। उसका घर में आना.जाना मृतक ललित उरांव को पसंद नहीं था इसलिए उसके घर में अक्सर लड़ाई झगड़ा होते रहता था इसी रंजिश के कारण अभियुक्त ने मौका पाकर अपने जीजा मृतक ललित उरांव की हत्या कर फरार होने के फिराक में था एकिन्तु मृतक के पुत्र के मौके पर आ जाने से नहीं भाग सका।

### ट्रक एसोसिएशन नाराज, कलेक्टर को ज्ञापन

**रायगढ़।** स्थानीय ट्रक एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल द्वारा बीते दिवस रायगढ़ कलेक्टर कार्तिकेय गोयल से सौजन्य मुलाकात कर सीएमआर चावल के परिवहन बाबत ज्ञापन सौंपकर उन्हें उनका हक दिलाने की मांग की गई है। कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन में रायगढ़ ट्रक एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि विगत 30 सालों से उनके एसोसिएशन के ट्रकों द्वारा ही सीएमआर चावल का परिवहन किया जाता रहा है और वे ईमानदारी से शासन द्वारा दिए गए रैक के उठाव, सीएमआर चावल का परिवहन और प्राकृतिक आपदा के समय उन्हें दिए गए दायित्वों का पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से अनुपालन करते रहे है किन्तु इस साल स्थानीय राइस मिलर्स द्वारा उनके स्वाभाविक हक को छीनकर दूसरे राज्यों की ट्रकों से सीएमआर चावल का परिवहन कराया जा रहा है जो कि सरासर गलत कृत्य है। ट्रांसपोटरों ने कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग की है।

## कोसमपाली में 5 दिवसीय योग प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण शिविर

**रायगढ़।** जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ मीरा भगत के मार्गदर्शन में आयुष विभाग रायगढ़ जिला अंतर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर महापल्ली, रायगढ़ द्वारा 05 दिवसीय योग प्रदर्शन एवं योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 27 से 31 जनवरी तक ग्राम कोसमपाली, विकासखण्ड रायगढ़ में किया गया। शिविर का उद्घाटन ग्राम पंचायत विश्वनाथपाली के सरपंच मिथिलेश नायक द्वारा भगवान धन्वंतरि के तैलचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर नवीन विश्वाल, पांडव विश्वाल, गुरुप्रसाद विश्वाल, रत्नाकर उपस्थित सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।



योग सत्रों का संचालन आयुष्मान आरोग्य मंदिर महापल्ली के चिकित्सक डॉ सुभाष चंद्र झा एवं योग प्रशिक्षिका कुमारी वर्षा प्रधान द्वारा किया गया। योग सत्र के दौरान पवनमुक्त आसन भाग 1, भाग 2 यथा भाग 3 खड़े होकर किए जाने वाले आसन यथा ताड़ासन, वृक्षासन, कटिचक्र आसन, सूर्य नमस्कार, बैठ कर करने वाले आसन यथा मंडूकासन, उष्ट्रासन, पश्चिमोत्तान आसन, पेट के बल लेटकर करने वाले आसन यथा मकर आसन, भुजंगासन, शलभासन, धनुरासन, पीठ के बल लेटकर करने वाले आसन यथा उत्तानपद आसन, चक्रपाद आसन, चक्रासन, सर्वांग आसन हलासन आदि के अभ्यास द्वारा रोगों के इलाज की पद्धति बताते हुए विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही साथ प्राणायाम के विषय में विस्तार से बतलाया गया। अंत में ध्यान, संकल्प तथा शांति पाठ के द्वारा सत्रों का समापन किया गया।

### शाला विशेष गुणवत्ता अभियान आयोजित

**रायगढ़।** विकासखंड रायगढ़ के शालाओं में 11 से 24 जनवरी तक विशेष गुणवत्ता अभियान चलाया गया। अभियान अंतर्गत शालाओं की साज सज्जा, रंगाई पुताई, प्रिंट रिच कॉर्नर, शालेय परिसर की साफ सफाई, अभिलेखों के रख रखाव तथा अद्यतन करने की स्थिति, बच्चों में आयु अनुरूप दक्षताओं की उपलब्धता, शासन की विभिन्न योजनाएं यथा बालवाड़ी, महस मुस्कान पुस्तकालय आदि के संचालन के परीक्षण हेतु 10 दिवसीय विशेष अवलोकन अभियान चलाया गया। इस अभियान अंतर्गत पूरे विकासखंड के 38 संकुलों के शैक्षिक समन्वयकों की 8 टीम का गठन किया गया तथा प्रत्येक दिवस 8 संकुल की सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं का अवलोकन किया गया। अवलोकन के विभिन्न बिंदुओं पर सभी शैक्षिक समन्वयकों के द्वारा गहन निरीक्षण, अवलोकन कर अपनी टीप लिखी गई।

## कुष्ठ जागरुकता अभियान 13 तक एसडीएम ने दिलाई

**सारंगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरमकेला में 13 फरवरी तक आयोजित स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान की थीम कलंक मिटाएं, गरिमा अपनाएं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आईएएस वासु जैन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सारंगढ़ एवं नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सम्मानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, स्कूल की छात्र छात्राओं सहित शिक्षकगण शामिल हुए। सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के



तहत बरमकेला विकासखंड के कुष्ठ रोग को जिन्होंने पछाड़ा है और जो दवा का सेवन कर रहे है उनको एसडीएम वासु जैन व प्रतिनिधियों द्वारा शालए श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। एसडीएम वासु जैन ने सभी नागरिकों कुष्ठ जागरूकता संदेश शपथ दिलाया।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश पाणिग्राही द्वारा कुष्ठ रोग संबंधित लक्षण, बचाव के उपाय तथा उपचार के संबंध में जानकारी दी गई। स्पर्श कुष्ठ रोग जनजागरूकता अभियान के तहत एसडीएम, स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा हाथों में नारा लिए जनप्रतिनिधियो के साथ रैली निकालकर बरमकेला के सुभाष चौक, अटल चौक, इंदिरा चौक, जनपद चौक होते हुए अपने स्कूल पहुंचे।

### पंप लगाने आनलाइन आवेदन की भी सुविधा

**रायगढ़।** शासन किसानों के हित में सौर सुजला स्कीम चला रही है। इस योजना में किसानों को सोलर पंप देकर सिंचाई की सुविधा दी जा रही है। सौर सुजला योजना का उद्देश्य कृषकों की सिंचाई आवश्यकता हेतु सौर सिंचाई पम्प स्थापित किया जाना है। कृषकों को रियायती दरों पर सिंचाई पम्प प्रदान कर कृषकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 01 नवम्बर 2016 को योजना प्रारंभ की गई है। योजनांतर्गत 03 एचपी एवं 05 एचपी क्षमता के सोलर पम्प की स्थापना किए जाने का प्रावधान है। 3 एचपी एसीडीसी सरफेस सबमर्सिबल अजा अजजा हितग्राहियों के लिए 7 हजार, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 12 हजार एवं सामान्य वर्ग के लिए 18 हजार तथा 5 एचपी एसीडीसी सरफेस सबमर्सिबल अजा अजजा के लिए 10 हजार अन्य पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों के लिए 15 हजार एवं सामान्य वर्ग के लिए 20 हजार अंशदान राशि शामिल है। उपरोक्त हितग्राही अंशदान के अतिरिक्त प्रोसेसिंग शुल्क की राशि दिया जाना होता है।

## शासकीय महाविद्यालय में स्नेह सम्मेलन का आयोजन

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय में स्थापित शासकीय विष्णुचरण गुप्ता महाचिद्यालय में प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष भी वार्षिकोत्सव मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों में एनटीपीसी के एच आर हेड कन्हैया दास, नगर अध्यक्ष रितेश थवाईत, पूर्व अध्यक्ष किशोर कसेर सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में मंच संचालन प्रोफेसर भोय के जरिए शुरूआत हुई जिसमें सर्वप्रथम मां भारती के समक्ष उक्त सभी अतिथियों ने पूजा अर्चना किया इसके पश्चात बारी बारी से सभी अतिथियों का सम्मान किया गया जिसमें पं. गुणनिधि सतपथी, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष दधिबामन साव, भाजपा महामंत्री सुरेन्द्र जेना, पार्षद उमा गुप्ता, पूर्व पार्षद मुकेश महाणा व लक्ष्मण साव, सेवा निवृत्त शिक्षक खगेश्वर पटेल आदि लोग शामिल रहे। उक्त कार्यक्रम पश्चात कालेज के स्टाफ व प्राचार्य ने समूचे कालेज के प्रयोगशालाओं व पुस्तकालयों का एच आर हेड कन्हैया दास सहित अन्य अतिथियों को अवलोकन कराया। जानकारी





के मुताबिक कालेज के छात्रों द्वारा कुल 27 कार्यक्रम किए गए जिसमें कई एकल व सामुहिक नृत्य के साथ साथ नाटक भी हुए। जिनका जांच समिति द्वारा उनके कला प्रदर्शन को लेकर आगामी समय में पुरस्कृत किया जाएगा। इसी कडी में कालेज के छात्रों का दर्राखार स्टेडियम में खेल प्रतियोगिता भी हुआ था उन्हें पुरस्कार वितरण होना है और इस वर्ष उक्त कालेज के 3 छात्रों ने अपनी उम्दा शैक्षणिक योग्यता को अवगत कराया है वे भी सम्मानित होंगे। कार्यक्रमों की संख्या अधिक होने से 11 बजे से प्रारंभ होकर बीच में आधा घंटे का ब्रेक लेते हुए 5 बजे तक चला है जिससे कालेज के सभी छात्रों को सहभागी होने का अवसर मिला और इस प्रकार वर्ष 2024 का वार्षिकोत्सव आपसी समरसता और सौहाद्र के साथ सम्पन्न हुआ।

## आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लगेंगे शिविर अग्निवीर योजना के पंजीयन के निर्देश

**रायगढ़।** जनपद पंचायत के सभाकक्ष में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने सचिव, टीए एवं करारोपण अधिकारी की बैठक ली। उन्होंने विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए विशेष निर्देश दिए। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर युवराज मरमट उपस्थित रहे।

सीईओ जिला पंचायत श्री यादव ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सचिव जीआरएस, बैंक सखी एवं वीएलईएस आयुष्मान कार्ड से शत प्रतिशत लोगों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्राम पंचायतवार प्रधानमंत्री आवास की समीक्षा करते हुए आवास के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली।

उन्होंने आवास के लंबित कार्यों को फरवरी अंत तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम एबीपीएस में नरेगा श्रमिकों की लंबित प्रकरण की जानकारी ली। उन्होंने रायगढ़ जनपद में नरेगा श्रमिकों की पेंडेंसी को अतिशीघ्र अपडेट करने के निर्देश दिए। नरेगा श्रमिकों के लंबित प्रकरण को पूर्ण करने डाकघर एवं बैंक में कैंप लगाने के निर्देश दिए।

### पात्रता सूची जारी, दावा आपत्ति 13 तक

**रायगढ़।** महिला एवं बाल विकास अंतर्गत में मिशन शक्ति अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केन्द्र के संचालन हेतु संविदा पर जिला मिशन समन्वयक, जेण्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ, कार्यालय सहायकए डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पीएमएमव्हीवाय एवं मल्टी टास्क स्टाफ पदों हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदनों के जांच पश्चात पात्र एवं अपात्र सूची कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

### नगर में चला सफाई अभियान

# पुण्यतिथि पर दी गई रोशनलाल को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ

भारतीय जनता पार्टी के प्रखर सक्रिय, कर्मठ कर्मयोगी लोकप्रिय पूर्व विधायक व जननेता रोशनलाल अग्रवाल की तृतीय पुण्यतिथि 01 फरवरी 2024 को भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों व रायगढ़ शहर के आम नागरिकों द्वारा अपने अपने अंदाज में उन्हें याद करते हुए सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे है। रायगढ़ के बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं चौक स्टेशन चौक की साफ सफाई कर जननेता रोशनलाल अग्रवाल की छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। रोशन भैया अमर रहे के नारे से स्टेशन चौक गंज उठा।

पूर्व विधायक जननेता रोशनलाल अग्रवाल अपने जीवन काल में स्वच्छता को प्राथमिकता दिया करते थे। उन्होंने कई बार 51-51 दिनों तक लगातार शहर के विभिन्न



भाजपा कार्यालय में रोशनलाल को श्रद्धांजलि देते भाजपा नेतागण।



शहर के स्टेशन चौक पर पूर्व विधायक की पुण्यतिथि पर सफाई अभियान।

नाली, नाले, पार्क, चौक चौराहों व मोहल्लों में स्वच्छता अभियान अपने समर्थकों व निगम प्रशासन को साथ में लेकर चलाया करते थे। बरसात के दिनों वारिश की पानी से जल भराव न हो, गंदी पानी शहर में किसी भी एक के घर न घुसे, आम जनता को वारिश के दिनों परेशानी न हो इसके लिए वारिश के पूर्व हर नाला व नाली छोटे हो या बडे सभी की सफाई हो इसकी चिंता स्वर्य चलकर करते थे। उनका पुण्यस्मरण कर भाजपा कार्यकर्ता एवं उनके समर्थकों द्वारा रोशन भैया के मंशानुकुल कार्य कर श्रद्धांजलि अर्पित किए है। इसके अलावा भाजपा कार्यालय समेत पुसौर, लैलूंगा, धरमजयगढ व घरघोडा में भी रोशनलाल को भाजपा नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

